दिनांक : 29 .04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कार किए वितरित। प्रदेश की दो हस्तियां भी हुई सम्मानित।
- प्रधानमंत्री आज युग्म सम्मेलन में लेंगे हिस्सा। सरकार, शिक्षा, उद्योग और अन्य क्षेत्र के लोग हांगे शामिल।
- संबल योजना के तहत मुख्यमंत्री कल धार जिले में छह सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि करेंगे वितरित।
- आईपीएल में राजस्थान रॉयल्य के वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास। 14 वर्ष की उम्र में बनाया शतक।

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पहले नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2025 के लिए 71 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से चार पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्मश्री प्रदान किया गया। प्रदेश के लोक गायक भेरूसिंह चौहान को कला क्षेत्र और श्रीमती शालिनी देवी होलकर को व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र में हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने और कारीगरों के सशक्तिकरण के लिए किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

इसके अलावा डी नागेश्वर रेड्डी को चिकित्सा क्षेत्र में और डॉ लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण प्रदान किया गया। पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में नंदमुरी बालकृष्ण, शेखर कपूर, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान श्रीजेश पी आर शामिल हैं। पद्मश्री से सम्मानित होने वालों में क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की दो विभूतियों को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

प्रधानमंत्री-युग्म

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म सम्मेलन में भाग लेंगे। युग्म का संस्कृत में अर्थ है संगम। ये अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है जिसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग जगत और नवाचार से संबंधित प्रमुख लोग शामिल होंगे। वाधवानी फाउंडेशन और सरकार के प्रतिष्ठानों के संयुक्त निवेश से करीब एक हजार चार सौ करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

अटल अक्षय ऊर्जा भवन

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय-एमएनआरई आज नई दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों -एमएसएमई के लिए अवसरों का पता लगाने के बारें में कार्यशाला का आयोजन करेगा। यह कार्यशाला दीर्घकालिक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को आकार देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाएगी।

राजगढ़ अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजगढ़ जिले के किसानों की समृद्धि, खेती आधारित उद्योग, मिल्क प्रोसेसिंग ईकाई खोलने और फूड इंडस्ट्री पार्क स्थापित करने में राज्य सरकार अनुदान प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सारंगपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 112 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। साथ ही 15 सौ करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये मंजूरी दी गई।

संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि 600 करोड़ रूपये वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबंल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा योजना प्रारंभ से अब तक 01 करोड 75 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया है।

इंदौर मेट्रोपॉलिटन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए प्रस्तावित भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के विकास से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री कल भोपाल में प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि दोनों मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में सुगम यातायात व्यवस्था के लिये विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होगी। अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ल ने बताया कि पहला मेट्रोपॉलिटन एरिया इंदौर, उज्जैन, देवास, धार को मिलाकर बनाया जा रहा है। दूसरा मेट्रोपॉलिटन एरिया भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, ब्यावरा को मिलाकर बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आगामी विधान सभा सत्र से पूर्व तैयारी पूरी की जाएगी।

मुंबई - वेव्स - एनिमेशन फिल्म

एक मई से चार मई तक होने वाले विश्व ऑडियो-विज़ुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-2025 के 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के पहले सीजन के भाग के रूप में एनिमेशन फिल्म-निर्माताओं के चैलेंज के 42 फाइनलिस्ट की घोषणा की गई है। नौ महीने की कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद शीर्ष 42 प्रोजेक्ट, पारंपरिक एनिमेशन, वीएफएक्स, संवर्धित वास्तविकता, आभासी वास्तविकता और आभासी उत्पादन को शामिल करते हुए एनिमेशन के पूरे क्षेत्र में मूल कहानी कहने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। रचनात्मक कैटलॉग में 12 फीचर फिल्मों, 18 लघु फिल्मों, नौ टीवी और सीमित श्रृंखला तथा तीन एआर-वीआर की एक विविध श्रृंखला शामिल है।

आईपीएल क्रिकेट

आइपीएल क्रिकेट में कल जयपुर में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया। गुजरात ने राजस्थान को 210 रन का लक्ष्य दिया जिसे राजस्थान ने सोलहवें ओवर में 212 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। राजस्थान के लिये 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 35 गेंद में अपना शतक पूरा कर रिकार्ड बनाया। वह सबसे कम उम्र के शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

आज शाम डेल्ही कैपिटल्स का सामना कोलकाता नाईट राईडर्स से दिल्ली में होगा।

चार धाम यात्रा

उत्तराखंड में कल से शुरू हो रही चार धाम यात्रा-2025 के दौरान व्यवस्था की समीक्षा के लिए राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दो मई से श्रद्धालु बाबा केदार और केदारनाथ धाम के दर्शन कर सकेंगे। चार धाम यात्रा-2025 के लिए पंजीकरण भी कल से शुरू हो गया। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, और विदेशी नागरिकों के लिए विशेष काउंटर स्थापित किए गए हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में 9 मई को महापौर मेघा रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों में 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।
- बैतूल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। यहां सेक्टर जौलखेड़ा में कल जन जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार का कार्य किया गया।
- सागर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि किसान आधुनिक कृषि की तकनीक सीख कर और आधुनिक कृषि के तरीके अपनाकर कृषि उत्पादन बढ़ाएं।
- खरगोन में हुई सड़क दुर्घटना में नगरपालिका खरगोन के ठेका श्रमिक राजेश सोलंकी की मृत्यु पर जिला प्रशासन द्वारा मृतक के परिवार को संबल योजना का लाभ दिलाने के साथ ही 50 हजार रुपये की सहायता राशि मंजूर की है।

- शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत रामपुरा में कल मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित हो रहे सामुहिक सम्मेलन में 1247 कन्याओं का विवाह संपन्न होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- शिवपुरी जिले में होने वाले विवाह आयोजनों में बाल विवाह न हो इसके लिये जिला प्रशासन सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं है। प्रत्येक विवाह आयोजन पर नजर रखने हेतु निगरानी दलों का गठन किया गया है।
- डिंडोरी कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नक्शा तरमीम, बंटवारा, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।
- पन्ना जिले मे मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत आगामी 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा।
- धार जिले में युवा संगम रोजगार मेले का कल आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न कम्पनियों द्वारा युवाओं का चयन किया गया।

-------------